भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1199
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

विद्यालयों में निःशक्त छात्रों का शिक्षण

1199. श्रीमती कानीमोझीः

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्र सरकार द्वारा वित्त-पोषित विद्यालयों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन विद्यालयों में कुल कितने निःशक्त छात्र हैं; और

(ग) क्या ऐसे सभी विद्यालयों में निःशक्त छात्रों की शिक्षण-प्रक्रिया के संवर्धन हेतु अवरोध मुक्त प्रवेश तथा शैक्षणिक सहायता उपलब्ध है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) : मानव संसाधन विकास मंत्रालय केन्द्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों तथा केन्द्रीय तिब्बती स्कूलों को संचालित कर रहा है। इन स्कूलों की राज्यवार सूची संलग्नक में दी गई है।

(ख) : अब तक जवाहर नवोदय विद्यालयों में 1324 निःशक्त छात्र पढ़ रहे हैं तथा केन्द्रीय तिब्बती स्कूल में ऐसा कोई छात्र नहीं है। केन्द्रीय विद्यालयों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है।

(ग) इन स्कूलों के सभी नए भवनों में आर्थोपेडिकली निःशक्त छात्रों के लिए साइड रेलिंग वाले रैम्प तथा सहज सुलभ शौचालय जैसी सुलभ अड़चन मुक्त सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। पुराने भवनों में सुधार किया जा रहा है ताकि इनको निःशक्त छात्रों को अड़चन मुक्त सुविधा सुलभ कराने के लिए अनुकूल बनाया जा सके।

....

संलग्नक

विद्यालयों में निःशक्त छात्रों का शिक्षण के संबंध में श्रीमती कानीमोझी, संसद सदस्या द्वारा दिनांक 23.03.2012 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1199 के भाग (क) के उत्तर में संलग्नक

क.सं.	राज्य	नवोदय विद्यालय	केन्द्रीय विद्यालय	केन्द्रीय तिब्बती स्कूल
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	2	02	-
2	आन्ध्र प्रदेश	24	53	-
3	अरूणाचल प्रदेश	16	14	03
4	असम	27	54	-
5	बिहार	39	45	-
6	चंडीगढ़	1	05	-
7	छत्तीसगढ़	17	27	01
8	दादरा और नागर हवेली	1	01	-
9	दमन एवं दीव	2	01	-
10	दिल्ली	2	43	-
11	गोवा	2	05	-
12	गुजरात	23	44	-
13	हरियाणा	20	28	-
14	हिमाचल प्रदेश	12	22	08
15	जम्मू और कश्मीर	17	37	-
16	झारखण्ड	24	32	-
17	कर्नाटक	28	39	07
18	केरल	14	35	-
19	लक्षद्वीप	1	01	-
20	मध्य प्रदेश	50	91	-
21	महाराष्ट्र	33	56	01
22	मणिपुर	9	07	-
23	मेघालय	8	07	-
24	मिजोरम	7	04	-
25	नागालैण्ड	11	05	-
26	उड़ीसा	31	53	01
27	पुड्डुचेरी	4	04	-
28	पंजाब	21	48	-
29	राजस्थान	33	64	-
30	सिक्किम	4	02	01
31	तमिलनाडु	-	40	-
32	त्रिपुरा	4	09	-
33	उत्तर प्रदेश	68	105	-
34	उत्तराखंड	13	43	03
35	पश्चिम बंगाल	18	58	03
	कुल	**586**	**1084**	**28**